# सेवा, स्वास्थ्य और मनोरंजन को समर्पित रहा सीए डे, मनाईं खुशियां

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** प्रत्येक वर्ष 1 जुलाई को चार्टर्ड अकाउंटेंट्स दिवस के रूप में मनाया जाता है, जिसकी शुरूआत वर्ष 1949 में इंस्टीट्यूट ऑफ चार्टर्ड अकाउंटेंट्स के गठन से हुई। इस बार 77 वॉं सी.ए.-डे छिंदवाड़ा के सी.ए. एसोसिएशन सी.पी.ई. चैप्टर के द्वारा बहुत धूमधाम से मनाया गया।

एसोसिएशन के सचिव डिप्टी कन्वेनर सी.ए. मोहित संचेति ने बताया कि इस वर्ष छिंदवाड़ा में सी ए डे का त्रिदिवसीय आयोजन किया गया। इस वर्ष सेवा, स्वास्थ्य और मनोरंजन इन तीन आयामों में आयोजन की परिकल्पना एसोसिएशन के अध्यक्ष कन्वेनर सी ए सचिन वर्मा ने की।

कोषाध्यक्ष सी ए विशाल साहू ने जानकारी दी कि पहले दिन स्वास्थ्य आयाम के अंतर्गत सभी सी ए सदस्यों ने आपस में क्रिकेट मैच खेला। दूसरे दिन सुबह सेवा आयाम के अंतर्गत सी ए असोसिएशन के सदस्यों ने शहर के भिलमा मिल प्राथमिक स्कूल में



विद्यार्थियों के उपयोग के लिए वॉटर प्यूरीफायर, स्कूल बैग, स्टेशनरी, कॉपी आदि का वितरण किया और स्कूल स्टाफ के लिए फर्नीचर भी प्रदान किया गया। इसके साथ एसोसिएशन के द्वारा स्कूल प्रांगण में पौधारोपण भी किया गया। जहां पर नीम, कंजी, पीपल, बादाम, गुलमोहर आदि पौधों का रोपण किया गया और उनकी सुरक्षा की व्यवस्था भी की गई।

इस आयोजन के पश्चात मनोरंजन आयाम के अंतर्गत एसोसिएशन के सभी सदस्य पेंच नेशनल पार्क पहुंचे जहां पर एक निजी होटल में विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम, मनोरंजक खेलों का आयोजन किया गया। सी ए मंयक जैन ने बताया कि आयोजन के तीसरे और अंतिम दिन छिंदवाड़ा के एक निजी होटल में सभी सी ए सदस्य और उनके परिवार के सदस्यों के लिए रात्रि भोजन का आयोजन किया गया, जिसमें सभी ने मनोरंजक खेलों का आनंद लिया और पुरूस्कार भी जीते।

इसके साथ ही नाट्यगंगा रंगमंडल के द्वारा इस अवसर पर हास्य नाटक वो फ़िर आएगी का मंचन सी ए सचिन वर्मा के निर्देशन में किया गया। इस पूरे आयोजन को सफल बनाने में सर्व सी ए अमरत लालवानी, संयम जैन, प्रियंक अजमेरा, प्रियांश सूर्यवंशी ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

इस सी ए डे के आयोजन में सर्वश्री सी ए विनोद खंडेलवाल, विराज ठाकुर, शैलेन्द्र अग्रवाल, खुशी अग्रवाल, राहुल बैद्यमुथा, अंशुल सोनी, अमित बिंद्रा, रूपेश शर्मा, सचिन वर्मा, मोहित संचेति, विशाल साहू, अमरत लालवानी, मयंक जैन, चंदन सूर्यवंशी, सौरभ राय, प्रियांश सूर्यवंशी, प्रियंक अजमेरा, संयम जैन, गगन बत्रा, कल्याण अवारे, इरफान खान, देवदत्त हर्षे, संदेश दुबे, यशस्वी साहू, पार्थ चौरिया, पलाश चौरसिया, उमंग बैदमुथा आदि शामिल हुए। अंत में कार्यक्रम में उपस्थित सभी लोगों का आभार सचिन वर्मा के द्वारा व्यक्त किया गया।

# शहर के मुख्य चौराहे फव्वारा चौक पर चल रहा अवैध अहाता

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** शहर के मुख्य चैराहे पर राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की प्रतिमा के पीछे विगत् लंबे समय से अवैध रूप से शराब का आहता चल रहा है, बावजूद प्रशासन मौन है। गुलाबी गैंग कमाण्डर पूर्णिमा वर्मा गत 2 जुलाई को महिलाओं के साथ फब्बारा के पीछे चल रहे अवैध आहते को हटवाने पहुँची।

उन्होनें बताया कि यह आहता शहर के बीचों बीच जहॉ हमारे नगर का गल्ला बाजार एवं मुख्य बाजार संचालित है एवं सैंकड़ों महिलायें यहॉ प्रतिदिन बाजार करने आती है, वहीं दूसरी ओर कन्या महाविद्यालय एवं स्कूल संचालित हैं, बावजूद प्रशासन के संरक्षण में खुलेआम यहॉ अवैध शराब का आहता चल रहा है और यहॉ से निकलने वाली महिलायें, बच्चियां शर्मिंदगी महसूस करती हैं, परंतु प्रशासन तमाशबीन बना हुआ है।

उन्होनें प्रशासन को चेतावनी दी है कि यदि यह अवैध शराब का आहता शीघ्र बंद नहीं होता है तो गुलाबी गैंग इसे हटवाने में सक्षम है और हम अपनी महिलाओं के साथ इसे हटवाने सड़क पर उतरकर उग्र आंदोलन करेंगे जिसकी संपूर्ण जबावदारी शासन-प्रशासन की होगी



## सार समाचार

### वार्ड चार में ट्री कैंपेन योजना के तहत नपानि द्वारा रोपे गए पौधे



**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** कल 03 जुलाई 2025 को भरतादेव परिसर में अमृत 2.0 योजना अंतर्गत ट्री कैंपेन योजना के तहत 'वार्ड नम्बर 4 में स्वसहायता समूह के द्वारा 100 पौधे का पौधारोपण किया गया। इस कार्यक्रम में उमेश पयासी, डॉ श्रीमति सेवंती पटेल, उपयंत्री एवं उद्यान प्रभारी शिवप्रसाद पंद्राम, उद्यान पर्यवेक्षक दीमाकचंद डेहरिया, शरीफचंद यादव और अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे।

### आज यहां नहीं होगा पानी सप्लाई

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** नगर पालिक निगम छिंदवाड़ा में अमृत 2.0 योजना अंतर्गत जल शुद्धिकरण संयंत्र में आवश्यक रख रखाव कार्य किया जाना है। इस रखरखाव कार्य के कारण आज 04 जुलाई दिन शुक्रवार को निकाय के सर्रा, इमलीखेड़ा, थूनिया वही शनिचरा बाजार के पास के सुकुलुढाना, चम्हनी मोहल्ला, नूरी टेंट क्षेत्र एवं सिवनी रोड में जल प्रदाय नहीं किया जाएगा।

### कमलनाथ ने दी लाखों रुपए के विकास कार्यों की सौगात, विधानसभा क्षेत्र में होंगे कई विकास के कार्य

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** म.प्र. के पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ ने लाखों रुपए के विकास कार्यों की सौगात दी है। छिन्दवाड़ा विधानसभा क्षेत्र में विभिन्न कार्यों के निर्माण हेतु प्रशासनिक स्वीकृति मिल चुकी है। उक्त राशि से सभागृह, गेट निर्माण, बाउंड्रीवाल व पानी के टेंकर प्रदान किए जाएंगे।



प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री एवं छिन्दवाड़ा विधानसभा से विधायक कमलनाथ द्वारा अनुशंसित खनिज मद के विकास कार्यों को स्वीकृति मिल चुकी है। छिन्दवाड़ा विधानसभा में 63 लाख 50 हजार रुपयों की राशि से 26 कार्य पूर्ण होंगे जिससे क्षेत्र की जनता सीधी लाभांवित होगी। कमलनाथ द्वारा प्रदान की गई राशि से सभागृह, स्वागत गेट, बाउंड्रीवाल, पानी टेंकर, पुल, प्रार्थना भवन, बोरवेल, रंगमंच, सामुदायिक भवन, सीसी रोड, टीन शेड निर्माण, कलामंच व रोड सौंदर्यीकरण सहित अन्य कार्य सम्मिलित है।



**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** मोहर्रम में मन्नत के शेर शहर में जगह जगह नाचते हुए देखे जा रहे हैं। गुरुवार को शेर नाच करते कलाकार।

# आठ दिवसीय महापर्व अष्टान्हिका का शुभारंभ, जैन मंदिरों में पूजन विधान शुरू

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** जैन दर्शन के अनादि निधन शाश्वत महापर्व अष्टान्हिका का मंगलमय शुभारंभ आषाढ़ शुक्ल अष्टमी गुरुवार के शुभ दिन विविध अनुष्ठानों के साथ हुआ जो आगामी आठ दिन आषाढ़ शुक्ल पूर्णिमा 10 जुलाई तक चलेगा।

मंगलमय प्रसंग पर नगर के अहिंसा स्थली गोल गंज स्थित श्री आदिनाथ दिगंबर जिनालय में श्री दिगंबर जैन मुमुक्षु मंडल, अखिल भारतीय जैन युवा फेडरेशन के तत्वावधान में श्री नंदीश्वर दीप बाबन पूजन विधान का भव्य शुभारंभ मंगल कलश, जिनवाणी एवं अष्ट मंगल द्रव्यों की स्थापना के साथ हुआ। जिसका सौभाग्य जिनशासन सेविका श्राविकाओं को प्राप्त हुआ।

मंगलकारी विधान में मंडल के मंत्री अशोक वैभव, फेडरेशन सचिव दीपक राज जैन सहित पंडित ऋषभ शास्त्री, वर्धमान जैन, सचिन जैन, विवेक जैन, आशीष कौशल एवं जूली पाटनी के साथ बड़ी संख्या में श्रावकगणों ने जिनशासन के मंगलगान करते हुए देव-शास्त्र- गुरु भगवन्तों की मंगल आराधना की ओर चंबर नृत्य करते हुए जिनशासन की मंगल प्रभावना की।

मंगलमय प्रवचनों की श्रृंखला में स्वाध्याय भवन में गुरुदेवश्री के सीडी प्रवचनों में गायक भगवान आत्मा की महिमा जानी ओर संध्या की बेला पर अष्टान्हिका महापर्व का स्वरूप जाना। आठ दिवसीय मंगल महोत्सव को लेकर सकल जैन समाज में अपार उत्साह का वातावरण बना हुआ है और नगर के समस्त दिगंबर जिनालय एवं चैत्यालय अष्टान्हिका महापर्व के मंगलगान से गुंजायमान हो रहे हैं।



# सड़क दुर्घटना में घायल लंगूर की रीढ़ की सफल सर्जरी

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** सड़क दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल हुए एक हनुमान लंगूर की सफल रीढ़ की हड्डी (स्पाइन) सर्जरी की गई। यह हादसा हाल ही में छिंदवाड़ा जिले में हुआ जिसमें लंगूर अपने पिछले दोनों पैरों से अपंग हो गया था। इसकी सूचना तत्काल वन विभाग छिंदवाड़ा के रेंज ऑफिसर पंकज शर्मा को दी गई।

लंगूर की असहनीय पीड़ा को देखते हुए डॉ अंकित मेश्राम ने घायल लंगूर को वन विभाग की मदद से स्पाइन का एक्सरे करने भेजा गया जहां एक्सरे में लंबर स्पाइन डिस्लोकेट मिली जिससे पिछले दोनों पैरो में सेंसेशन नहीं था जिससे लंगूर को मल त्याग एवं मूत्र त्याग करने पे बहुत पीड़ा हो रही थी। डॉ मेश्राम द्वारा गंभीर स्थिति को देखते हुए सर्जरी करने का फैसला लिया गया।

उपसंचालक डॉ. पक्षवार के कुशल निर्देशन में वन्य प्राणी विशेषज्ञ डॉ. अंकित मेश्राम द्वारा दो घंटे की जटिल सर्जरी की गई। सर्जरी के पश्चात लंगूर के एक पिछले पैर में हलचल आने लगी है और आसानी से मूत्र और मल त्याग कर पा रहा है जो सकारात्मक संकेत है।

डॉ. अंकित मेश्राम ने बताया कि सर्जरी के बाद लंगूर का उपचार जारी रहेगा और



जैसे ही वह पूरी तरह स्वस्थ हो जाएगा उसे वन विभाग की सहायता से प्राकृतिक आवास में पुनः छोड़ा जाएगा।

यह पहल वन्य प्राणी संरक्षण एवं पुनर्वास के क्षेत्र में एक प्रेरणादायक उदाहरण प्रस्तुत करती है, जिसमें विभागीय तत्परता और विशेषज्ञता का उत्कृष्ट समन्वय देखने को मिला।

# वैश्य महासम्मेलन ने पुलिस में की शिकायत, पैसा लेकर रजिस्ट्री नहीं कर रहा है एक निजी व्यक्ति



**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** वैश्य महासम्मेलन के प्रमुख पदाधिकारी वैश्य भवन के ट्रस्टियों और बड़ी संख्या में सदस्यों के समूह ने प्रदेश संगठन महामंत्री के नेतृत्व में पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचकर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक से भेंट की और शिकायत पत्र सौंपा जिसमें उन्होंने प्लाट विक्रेता के विरुद्ध राशि लेकर रजिस्ट्री करने में टालमटोली करने की शिकायत करते हुए कार्यवाही करने का अनुरोध किया है।

तदाशय की जानकारी देते हुए वैश्य महासम्मेलन के प्रदेश महामंत्री ने बताया कि सुमेरसिंग नैय्यर की माताजी के नाम के एक 17,000 वर्गफुट के प्लाट को रु.187 लाख में खरीदने का अनुबंध 7 जुलाई 2024 को किया था जिसके अनुसार प्लाट को अधिकतम 9 भागों में बांटकर जैसे जैसे राशि चुकाई जाएगी वैसे वैसे उनके द्वारा रजिस्ट्री की जाएगी। परन्तु वे अनुबंध का पालन नहीं कर रहे हैं। 17000 फुट प्लाट के पाँच भू-भाग बनाए गए हैं जिसमें से चार की राशि रु. 64.20 लाख उनके खाते में चुका दी गई है तथा पांचवें भाग के पेटे रु. 29.01 लाख भी उनके खाते में ट्रांसफर कर दी है।

अब राशि लेने के पश्चात वे उक्त चार प्लाट की रजिस्ट्री करने से यह कहकर इंकार कर रहे हैं कि पहले पांचों प्लाट की पूरी राशि रु. 187 लाख दो तब आगे रजिस्ट्री की कार्यवाही करेंगे, उनका ऐसा बोलना अनुबंध का उल्लंघन है। चूंकि अनुबंध में पालन न करने की स्थिति में कानूनी कार्यवाही का प्रावधान है अतएव सदस्यों द्वारा पुलिस से अनुरोध किया गया है कि वे चार प्लाट जिनकी पूरी राशि विक्रेता ने प्राप्त कर ली है उनसे रजिस्ट्री कराने का कष्ट करें। पांचवें भाग की राशि वैश्य भवन ट्रस्ट की राशि है। इन चार भाग की रजिस्ट्री होने पर शेष 1 प्लाट की शेष राशि भी दे देंगे ताकि उनकी भी रजिस्ट्री हो सके।

अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक आयुष गुप्ता आई.पी. एस. ने गंभीरता पूर्वक बात सुनी और शीघ्र ही उचित कार्यवाही का आश्वासन दिया है ।

# चोरी के फर्जी प्रकरणों पर रोक लगे : मुकेश उपाध्याय

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** किसानों के बढ़े हुए बिजली बिल के निराकरण के लिए उपकेन्द्र स्तर पर शिकायत निवारण शिविर लगाने व बिजली चोरी के फर्जी प्रकरणों पर रोक लगाने के की मांग का अधीक्षण अभियंता कार्यपालन अभियंता ग्रामीण/शहर संभाग विधुत वितरण कंपनी को पृथक पृथक ज्ञापन जिला/शहर कांग्रेस बिजली समस्या निवारण प्रकोष्ठ के द्वारा सौंपा गया। इसी तारतम्य में जिला कांग्रेस बिजली समस्या निवारण प्रकोष्ठ के अध्यक्ष मुकेश उपाध्याय व शहर कांग्रेस बिजली समस्या निवारण प्रकोष्ठ के अध्यक्ष राहुल दुबे ने बताया कि बढ़े हुए बिजली के बिलों से उपभोक्ताओं में भारी आक्रोश है इसके बावजूद बिजली विभाग के कर्मचारियों द्वारा जबरन प्रताड़ित करते हुए बिजली चोरी के फर्जी प्रकरण बना कर विभाग में झूठी वाहवाही लूट रहे हैं बिना भौतिक सत्यापन के एवं पंचनामा में उपभोक्ताओं के हस्ताक्षर लिए बगैर प्रकरण बना रहे हैं जो कि सरासर गलत है इस पर रोक लगनी चाहिए।



# एचएमएस कार्यालय मोहन कालरी अंबाड़ा में सुयक्त मोर्चा की बैठक

**गुढ़ी अम्बाड़ा, देशबन्धु।** अखिल भारतीय स्तर पर केंद्रीय श्रम संगठनों ने मिलकर एक साथ नौ जुलाई को राष्ट्र व्यापी आम हड़ताल पर जाने का निर्णय लिया है जिसमें एक संगठन को छोड़कर बाकी सभी केंद्रीय श्रम संगठनों ने मिलकर केंद्र सरकार द्वारा पूर्व श्रम कानूनों को संशोधन कर नई श्रम संहिता लागू करने सहित देश के सार्वजनिक उपक्रमों को बेचने, मंहगाई, बेरोजगारी, किसानों के मुद्दों सहित अन्य कई मांगों को लेकर हड़ताल पर जाने का निर्णय लिया गया है जिसको सफल करने



कन्हान क्षेत्र में एचएमएस कार्यालय मोहन कालरी अंबाडा में संयुक्त मोर्चा की बैठक की गई जिसमें श्रमिक संगठन एचएमएस के सुखराम सय्याम, मनोज ठग, दीपक नागले, मनोज राय, मतीन खान, एटक से अरविंद यादव, सीटू यूनियन से अमरनाथ सिंह, अशोक भारती, इंटक से कय्यूम खान, मनीष सेन और नवीन मोदी तथा उमेश यादव उपस्थित रहे।

बैठक में चार जुलाई को कन्हान व्हेली क्लब दातला डुंगरिया में दोपहर तीन बजे से पेंच कन्हान पाथाखेड़ा क्षेत्र का संयुक्त कन्वेंशन होगा जिसकी तैयारी के साथ क्षेत्र में हड़ताल को सफल बनाने गेट मीटिंग पर चर्चा की गई।

# 30 वाहनों से लिया गया 99816 रुपए का जुर्माना

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** परिवहन आयुक्त ग्वालियर एवं कलेक्टर शीलेन्द्र सिंह द्वारा दिये गये निर्देशों के परिपालन में परिवहन विभाग के जांच दल द्वारा कल 3 जुलाई को छिन्दवाड़ा शहर में संचालित हो रहे स्कूल वाहनों के परमिट, फिटनेस, बीमा, प्रदूषण प्रमाण पत्र एवं वाहन चालक का वैध लाइसेंस आदि की जांच की गई। जिन वाहनों के दस्तावेजों में कमियां पाई गई ऐसे वाहनों पर चालानी कार्यवाही की गई।

# अवैध शराब दुकानें हटाने को लेकर गुलाबी गैंग ने शुरु किया बेमियादी अनशन

## शहर के बीच से शराब दुकानें हटने तक रहेगा जारी



**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** पांढुरना के तिगांव में भाउराव की शराब माफिया और पुलिस द्वारा छिंदवाड़ा जिला जेल में निर्मम हत्या करवाने एवं शहर के बीचो बीच संचालित अवैध शराब दुकानों, आहतों को हटाकर शहर के बाहर करने को लेकर गुलाबी गैंग कमाण्डर पूर्णिमा वर्मा के नेतृत्व में 3 जुलाई 2025 दिन गुरूवार से स्थानीय इंदिरा चैराहे पर अनिश्चित कालीन आमरण अनशन प्रारंभ कर दिया गया है।

उन्होंनें बताया कि पॉढुर्णा में आंदोलन के दौरान पुलिस अधीक्षक द्वारा पीड़ित परिवार को न्याय दिलाने का आश्वासन दिया गया था, परंतु आज एक माह बाद तक उक्त घटना के दोषियों के विरूद्ध कोई कार्यवाही नहीं की गई और पीड़ित पारिवार न्याय की आस लगाये बैठे है।

पूर्णिमा वर्मा ने पॉढुर्णा की घटना में शामिल आरोपियों के विरूद्ध तत्काल कार्यवाही करने एवं शहर के मुख्य चैराहों, प्रमुख रूप से मान सरोवर बस स्टेण्ड के सामने अमित ठेंगे चौक पर स्थित शराब दुकान और शहर की हृदय स्थल गांधी प्रतिमा के पीछे स्थित शराब दुकानों आहतों को तत्काल शहर से बाहर करने की मांग को लेकर अनिश्चितकालीन धरना प्रारंभ किया है, जो कि उनकी मांग पूरी नहीं होने तक निरंतर जारी रहेगा।

कल 3 जुलाई 25 को अनशन में गुलाबी गैंग की कमाण्डर पूर्णिमा वर्मा के साथ किरन मोहबे, शोभा वर्मा बैठी थी। इस अवसर पर अंजली सोनी चौरई ग्रामीण कमाण्डर, तामिया कमाण्डर, दीघावानी, चांवलपानी, अमरवाड़ा और छिंदवाड़ा गुलाबी गैंग की सदस्य मौजूद रही।

बता दें कि पूर्व में गुलाबी गैंग की कमाण्डर पूर्णिमा वर्मा ने कहा था कि आरोपी ए.एस.आई. पांढुर्णा पुलिस और पांढुर्णा के शराब ठेकेदार के खिलाफ सक्त कार्यवाही की जावे अन्यथा आमरण अनशन पर बैठने के लिए मजबूर होना पड़ेगा उसी के परिपालन में गुलाबी गैंक द्वारा धरना दिया जा रहा है।

# मुखबिर की सूचना पर अवैध शराब पकड़ी, आरोपी गिरफ्तार



**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** कलेक्टर शीलेन्द्र सिंह के निर्देशन एवं जिला आबकारी अधिकारी अजीत एक्का के मार्गदर्शन में आबकारी वृत्त छिंदवाड़ा प्रभारी आकाश मेश्राम द्वारा कल 3 जुलाई को प्रात: के समय गश्त के दौरान अचानक मुखबिर से सूचना प्राप्त होने के बाद बोहता से चांद सड़क मार्ग की ओर अपनी टीम के साथ घेराबंदी की गई।

बोरिया से बोहता की ओर दुपहिया वाहन टी.वी.एस. जुपिटर से एक संदिग्ध व्यक्ति आता दिखाई दिया, जिसे टीम ने रोककर उससे पूछताछ की और उसकी जुपिटर वाहन में प्लास्टिक की कुप्पी एवं दो प्लास्टिक की बोरियों के अंदर पन्नियों में भरे तरल द्रव की माप और जांच के पश्चात तरल द्रव को महुआ निर्मित हाथ भट्टी मदिरा होना पाया, जो कि कुल जमा 60 बल्क लीटर होना पाया।

आरोपी रामकृपाल सराठे ने बताया कि यह शराब वह बिछुआ के आसपास के क्षेत्र से लाकर छिंदवाड़ा में सप्लाई करता है। आरोपी के विरूध्द मध्यप्रदेश आबकारी अधिनियम संशोधित 2000 की धारा 34(1)क, 34(2) एवं 46(1) के तहत प्रकरण दर्ज कर विवेचना में लिया।

आरोपी को न्यायालय में पेश किया गया, जहां न्यायालय द्वारा आरोपी को जेल भेज दिया गया है। वहीं अब शहर के घनी बस्तियों और आसपास जहां तथाकथित लोग अवैध शराब दो पहिया, चौपहिया वाहन में बेच रहे है उनके खिलाफ मुखबिरी लगा दी गई है और शीघ्र ही कार्यवाही हो सकती है।

## सार-समाचार

### सांसद ने आठवें दिन बैतूल से शुरू की पदयात्रा, कई लोग हुए शामिल

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** सांसद बंटी विवेक साहू के द्वारा छिन्दवाड़ा से खंडवा तक निकाली जा रही 14 दिवसीय 411 किलोमीटर की पदयात्रा में रोजाना दादा भक्तों की संख्या बढ़ते ही जा रही है। रोजाना नये पदयात्री यात्रा में शामिल होने से पदयात्रियों के हौसलों में बढ़ोत्तरी हो रही है। सांसद श्री साहू ने अपने आठवे दिन की पदयात्रा की शुरूआत बैतूल शहर से की। इस दौरान बैतूल के कई जनप्रतिनिधि और समाजसेवियों ने पदयात्रा में शामिल होकर सांसद श्री साहू एवं पदयात्रियों के लिए आगे भी पदयात्रा के लिए मंगल कामना की। सांसद श्री साहू ने पदयात्रा के दौरान बैतूल के आगे ग्राम मोहपानी में वन विभाग के अधिकारीयों और कर्मचारियों के साथ एक पेड़ माँ के नाम अभियान के तहत पौधरोपण भी किया।

रोजाना की तरह पदयात्रा की शुरूआत पदयात्रा के चल रहे रथ में विराजित मां नर्मदा के जलकलश और दादाजी धुनीवाले की विधि विधान से पूजा अर्चना और आरती के साथ की गई। बैतूल से शुरू हुई पदयात्रा के दौरान जन अभियान परिषद के प्रदेश उपाध्यक्ष श्री मोहन नागर जी (राज्य मंत्री दर्जा प्राप्त) भारतीय जनता पार्टी के नवनिर्वाचित प्रदेश अध्यक्ष श्री हेमंत खंडेलवाल जी के बड़े भाई श्री मुकेश खंडेलवाल जी के साथ अन्य जनप्रतिनिधियों ने भी रथ में विराजित मां नर्मदा के जलकलश और दादाजी धुनीवाले की पूजा अर्चना कर सांसद श्री साहू और पदयात्रियों का स्वागत करते हुए पदयात्रा में शामिल हुए। पदयात्रा के दौरान कई गांवों के ग्रामीणजन और महिलाएं भी पदयात्रा में शामिल हुई।

बैतूल बॉयपास रोड में स्थित एल.वी. लॉन से सांसद श्री साहू और पदयात्रियों ने मां नर्मदा और दादाजी धुनीवाले की पूजा अर्चना और आरती के बाद अपने आठवे दिन की यात्रा शुरू की। यात्रा विभिन्न गांवों और कस्बों से होते हुए दोपहर में श्री जी राधा रानी मंदिर प्रांगण देवगांव पहुंची जहां पर सांसद श्री साहू और पदयात्रियों ने दोपहर का भोजन किया। दोपहर के भोजन के बाद यात्रा कई गांवों और कस्बों से होते हुए रात में ग्राम चिखली पहुंची, जहा पर सांसद श्री साहू और पदयात्रियों ने रथ में विराजित मां नर्मदा के जलकलश और दादाजी धुनीवाले की विधि विधान से पूजा अर्चना और आरती के बाद रात्रि विश्राम किया।

पदयात्रा के आठवे दिन पदयात्रा में प्रमुख रूप से बैतूल के कई जनप्रतिनिधियों और समाजसेवियों के साथ ही भाजपा मंडल अध्यक्ष सौरभ ठाकुर, बल्लू नागी, शैलेन्द्र बबलू रघुवंशी, राकेश बेलवंशी, भूषण सूर्यवंशी, देवी पाल, नवीन बारस्कर, विजेन्द्र ठाकुर, धरम वर्मा, सोनू पाटिल, पार्षद बलराम साहू, वरिष्ठ भाजपा नेता राजू नरोटे, रोहित पोफली, रिजवान कुरैशी, आनंद राजपूत, मयूर पटेल, नरेन्द्र माहोरे, विशवेन्द्र बैस, मुक्कू लालवानी, अंकुश जायसवाल, बाबी रघुवंशी, डूपेन्द्र डोके, रामगोपाल धुर्वे, रूपेन्द्र डेहरिया, सोनू पंडित सहित अन्य पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं बड़ी संख्या में पदयात्री शामिल थे।

### जिले में 221.8 मि.मी. वर्षा दर्ज

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** जिले की औसत वर्षा 1059 मि.मी. है तथा जिले में अभी तक 221.8 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज की गई है, जबकि गत वर्ष इस अवधि तक 198.7 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज की गई थी। जिले में 03 जुलाई 2025 को प्रात: 8 बजे समाप्त 24 घंटों के दौरान 0.9 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज की गई है। अधीक्षक भू-अभिलेख ने बताया कि 03 जुलाई 2025 को प्रात: 8 बजे समाप्त 24 घंटों के दौरान तहसील तामिया में 01, परासिया में 01, जुन्नारदेव में 5.2 और उमरेठ में 03 मि.मी. वर्षा दर्ज की गई है। उन्होंने बताया कि जिले में एक जून से अभी तक तहसील छिन्दवाड़ा में 202.8, मोहखेड़ 241.1, तामिया में 185, अमरवाड़ा में 300.4, चौरई में 165, हर्रई में 315.8, बिछुआ में 127.4, परासिया में 151, जुन्नारदेव में 224.8, चांद में 196.9 और उमरेठ में 337.6 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज की गई है।

### सांसद ने मरीज को दिलाई आर्थिक सहायता, जताया आभार

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** विगत दिनों एक मरीज ने सांसद से मुलाकात कर बीमारी हेतु आर्थिक सहायता उपलब्ध कराने के लिए निवेदन किया था। जिसे गंभीरता से लेते हुए उन्होंने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव को पत्र प्रेषित कर उनकी स्वेच्छानुदान मद से सहायता राशि उपलब्ध कराने के लिए आग्रह किया था। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने भी त्वरित कार्यवाही करते हुए मरीज को आर्थिक सहायता स्वीकृत कर दी है। मुख्यमंत्री स्वेच्छानुदान मद से मनकादेवरी निवासी रमेश पिता किशोर इनवाती को 35 हजार की आर्थिक सहायता इलाज के लिए मिली है। उक्त राशि स्वीकृत होने पर मरीज का प्राइवेट अस्पताल में बेहतर इलाज हो पायेगा।

# अधीक्षण अभियंता ने किया सांवरी वितरण केन्द्र एवं उपकेन्द्र का निरीक्षण

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** म.प्र.पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी छिंदवाड़ा के अधीक्षण अभियंता खुशियाल शिववंशी द्वारा कल 3 जुलाई को वितरण केंद्र सावरी तथा 33/11 के.वी. उपकेंद्र सावरी, लावाघोगरी एवं मुजावर का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान सावरी वितरण केंद्र में कनिष्ठ अभियंता द्वारा किए जा रहे कार्यों की समीक्षा की गई।



कृषि पंप, घरेलू एवं गैर-घरेलू विद्युत कनेक्शनों में लंबित बकाया पर शत-प्रतिशत वसूली सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। अधीक्षण अभियंता श्री शिववंशी ने उपभोक्ताओं को गुणवत्तापूर्ण विद्युत आपूर्ति, फीडरों में ट्रिपिंग की समस्या को कम करने, उपकेन्द्रों की सफाई व्यवस्था बनाए रखने तथा सबस्टेशन में ऑपरेटर को प्रतिदिन 8 घंटे की नियमित ड्यूटी देने पर विशेष जोर दिया।

उपकेंद्र सावरी में साफसफाई की स्थिति ठीक नहीं पाई जाने पर उन्होंने नाराजगी जताई और तत्काल सुधार के निर्देश दिए। निरीक्षण में लॉगबुक, ट्रिपिंग रजिस्टर, परमिट बुक का भी अवलोकन कर उन्हें निर्धारित प्रारूप में संधारित करने को कहा गया।

लावाघोगरी उपकेंद्र में बंद व खराब व्ही.सी.बी को शीघ्र सुधारने के लिये एस.टी.सी. एस.टी.एम. संभाग को निर्देशित किया गया। वहीं मुजावर उपकेंद्र में स्वच्छता व्यवस्था बेहतर पाए जाने पर उन्होंने संतोष व्यक्त किया।

निरीक्षण के दौरान सुरक्षा उपकरणों की जांच तथा वितरण केंद्र के रिकॉर्ड, 1912 एवं सी एम हेल्पलाइन से प्राप्त शिकायतों की भी समीक्षा की गई। नए कनेक्शन, विजिलेंस चेकिंग और राजस्व संग्रहण की प्रगति अल्प पाए जाने पर अधीक्षण अभियंता ने गहरी नाराजगी व्यक्त की। अंत मेंए उन्होंने ग्राम छीपानाला के उपभोक्ताओं से विद्युत आपूर्ति की स्थिति की जानकारी लीए जिस पर उपभोक्ताओं ने संतोष व्यक्त किया।

# पातालकोट में आदिवासियों से मिला राष्ट्रीय मीडिया दल



**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** भारत सरकार के जनजातीय कार्य मंत्रालय के कार्यों का जायजा लेने राष्ट्रीय मीडिया दल मध्य प्रदेश के दौरे पर है। इस दौरे के तहत दल ने 2 जुलाई को विदिशा का भ्रमण किया और कल 3 जुलाई को छिंदवाड़ा जिले का दौरा किया।

छिंदवाड़ा में मीडिया दल ने विशेष रूप से पातालकोट क्षेत्र में जनजातीय समुदायों से मुलाकात की और उनके कल्याण व विकास से संबंधित विभिन्न पहलुओं का जायजा लिया। इस दौरान दल ने एकलव्य आवासीय विद्यालय, तामिया के बच्चों से रूबरू हुए जहां पर उन्हें एक अद्भुत प्रतिभावान बच्चे से मिले जसे राष्ट्रपति पुरस्कार से सम्मानित किया जा चुका है, बच्चा ढोलक बजाने में मास्टर है। इसके साथ ही छिंदवाड़ा के श्री बादल भोई राज्य आदिवासी संग्रहालय का भी निरीक्षण कर आदिवासी संस्कृति को समझा और वन धन केंद्र पातालकोट का दौरा किया। इसके अतिरिक्त चिमटीपुर के छात्रावास में भी पातालकोट के आदिवासियों से गहन बातचीत की गई।

इस महत्वपूर्ण अवसर पर रामेश्वर नाईक (उप निदेशक, पीआईबी), उपस्थित रहे। उनके साथ आदिम जाति कल्याण विभाग] छिंदवाड़ा के सहायक आयुक्त सत्येंद्र सिंह मरकाम भी मौजूद थे, जिन्होंने स्थानीय जनजातीय कल्याण कार्यक्रमों की जानकारी दी।

केंद्रीय संचार ब्यूरो के प्रचार अधिकारी राम सहाय प्रजापति और एरिया ऑर्गेनाइजर मनीष बोरकर ने भी दल के साथ भ्रमण किया। स्थानीय मीडिया से महेंद्र राय, करण विश्वकर्मा और नितिन दत्ता भी इस कवरेज में शामिल रहे।

आदिवासियों के जीवन स्तर को बेहतर बनाने और उन्हें मुख्यधारा से जोड़ने के लिए सरकार की प्रतिबद्धता का जायजा लिया।

यह दौरा जनजातीय समुदायों की वास्तविक स्थिति को समझने और भविष्य की नीतियों के लिए महत्वपूर्ण जानकारी जुटाने में सहायक होगा।

# आरोपी की रिहाई से आक्रोश, पीड़ित युवक पहुंचा एसपी से मिलने

## तुईयापानी में युवक के साथ अमानवीय कृत्य

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** जिले के हर्रई थाना अंतर्गत ग्राम तुईयापानी में एक युवक से मारपीट के मामले में अब सियासत भी गरमा गई है। गुरूवार को गोंडवाना गणतंत्र पार्टी के नेता देवरावन भलावी एसपी कार्यालय पहुंचे और मामले में सख्त कार्रवाई की मांग की है। वहीं दूसरी ओर पीड़ित युवक भी इस दौरान आया। वायरल मामले में छिंदवाड़ा पुलिस का कहना है कि पीड़ित युवक की शिकायत पर प्रकरण दर्ज किया गया था, लेकिन उस दौरान फरियादी ने आरोपितों द्वारा पेशाब पिलाने की बात नहीं कही थी।

ए.एस.पी. आयुष गुप्ता ने बताया कि बीते 29 जून को ग्राम तुईयापानी स्थित नेशनल हाईवे पर राजा चौकसे के ढाबा में कार्यरत आफ्ता बट्टी तथा नवीन बट्टी का ढाबा संचालक से पैसों के लेनदेन को लेकर विवाद हुआ था। दोनों युवक काम छोड़कर घर लौट आए। इसी विवाद के चलते उसी रात लगभग 10 बजे आरोपित राजा चौकसे, गोलू मालवीय और अंकित कहार निवासी हर्रई तुईयापानी में राजकुमार बट्टी के घर पहुंचे और लाठी-डंडों से मारपीट की।



इस प्रकरण में पुलिस द्वारा तत्परता से कार्रवाई करते हुए 30 जून को आरोपित राजा चौकसे को गिरफ्तार किया गया एवं धारा 151 के अंतर्गत भी कार्रवाई की गई। घटना पर फरियादी राजकुमार बट्टी द्वारा थाना हर्रई में रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी, जिस पर से संबंधित धाराओं सहित एस सी/एस टी एक्ट के अंतर्गत मामला पंजीबद्ध किया गया है।

बाद में जो अमानवीय कृत्य जैसे पेशाब पिलाने या मुंह पर थूकने की बात सामने आई, वह एफआईआर दर्ज करते समय फरियादी द्वारा नहीं बताई गई थी और ना ही वरिष्ठ अधिकारियों को इसकी जानकारी दी गई थी। गांव लौटने के बाद अगली सुबह फरियादी द्वारा अन्य लोगों के समक्ष इन बातों का उल्लेख किया गया, जिनके संबंध में कोई प्रमाण अब तक प्रस्तुत नहीं किए गए हैं। पुलिस द्वारा इस संबंध में फरियादी से आगे भी पूछताछ कर वस्तुस्थिति स्पष्ट की जा रही है ।

जानकारी के अनुसार ग्राम तुइयापानी में राजा चौकसे ढाबा संचालित करता है। वहीं सामने ही राजकुमार बट्टी नामक युवक भी अपना ढाबा चलाता है दोनों ढाबे आमने-सामने होने के कारण आपसी रंजिश लंबे समय से चली आ रही थी। रविवार देर रात राजा चौकसे ने राजकुमार के साथ मारपीट की थी। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने राजा चौकसे के खिलाफ मामला दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया था, लेकिन बाद में छोड़ दिया गया। फरियादी राजकुमार ने आरोप लगाया कि उसे गांव के रंगमंच में ले जाकर बुरी तरह पीटा गया, उसके मुंह पर गुटखा थूका गया और पेशाब पिलाने की कोशिश की गई। युवक ने अपने शरीर पर मौजूद चोटों के निशान भी पुलिस को दिखाए हैं।

राजा चौकसे के थाने से रिहा होने के बाद बुधवार को ग्रामीणों में आक्रोश फैल गया। तीन गांवों के लोगों ने बैठक कर सामूहिक निर्णय लिया और नरसिंहपुर मार्ग पर चक्काजाम कर दिया। ग्रामीणों का आरोप था कि आरोपित ने नरसिंहपुर के कुछ बदमाशों को बुलाकर युवक को पीटा और उसके साथ बर्बरता की फिर भी पुलिस ने केवल साधारण धाराओं में मामला दर्ज किया। ग्रामीणों का कहना है कि इस कृत्य में राजा चौकसे के साथ अन्य लोग भी शामिल थे, लेकिन उनके खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं की गई। ग्रामीणों ने मांग की कि सभी आरोपितों पर अमानवीयता और अनुसूचित जाति जनजाति अधिनियम के तहत प्रकरण दर्ज किया जाए।

स्थिति की गंभीरता को देखते हुए एडिशनल एस.पी. आयुष गुप्ता, तहसीलदार सहित तीन थानों का पुलिस बल हर्रई पहुंचा। अधिकारियों ने ग्रामीणों से चर्चा कर उन्हें कार्रवाई का भरोसा दिलाया। तब जाकर ग्रामीण शांत हुए और चक्काजाम समाप्त हुआ। ग्रामीणों के विरोध के बाद पुलिस मामले की दोबारा जांच कर रही है। दोषियों पर उचित कार्रवाई की जाएगी।

## यदि कानून न्याय नहीं देगा तो समाज खुद देगा जवाब : गोगपा



**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** गत 29 जून 2025 को थाना हर्रई अंतर्गत आदिवासी समाज के एक युवक के साथ हुए बर्बर हमले और पेशाब पिलाने की अमानवीय घटना के विरोध में कल 03 जुलाई 2025 को ग्राम सरपंच, पीड़ित परिवार, ग्रामवासी, वरिष्ठजन और गोंडवाना गणतंत्र पार्टी के प्रतिनिधि अनुसूचित जनजाति थाना छिंदवाड़ा एवं पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचे।

घटना में 12 से अधिक हमलावरों ने रात्रि 12 बजे पीड़ित के घर में घुसकर उसकी पत्नी, बच्चों और रिश्तेदारों के समक्ष बेहरमी से मारपीट की और शारीरिक तथा मानसिक प्रताड़ना देते हुए पीड़ित को पेशाब जबरन पिलाया। बावजूद इसके थाना प्रभारी द्वारा गंभीर धाराएं नहीं लगाई गईं, न ही अब तक मुख्य आरोपियों पर कठोर कार्रवाई हुई है। पुलिस ने घटना को दबाने की कोशिश की है। आरोपियों के राजनीतिक संरक्षण के चलते पीड़ित और गवाहों को बयान बदलने हेतु धमकाया जा रहा है। घटना की पंचायत में आरोपी ने स्वीकारोक्ति दी थी, फिर भी एफआईआर कमजोर हुई। अगर कानून और प्रशासन हमारे साथ न्याय नहीं करता है, तो हमें मजबूरन जवाब देना होगा। ग्रामवासियों और सामाजिक प्रतिनिधियों ने पुलिस अधीक्षक से कहा कि आप न्याय नहीं दोगे तो वही होगा जो आरोपी ने हमारे साथ किया। यदि जल्द कठोर कार्रवाई नहीं की गई तो दिनांक पांच जुलाई को थाना हर्रई के समक्ष विरोध प्रदर्शन आयोजित किया जाएगा।